04 फ्लाइओवर व रोजड़ा नियंत्रण को लेकर युवा किसान...




07 साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी की...




## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर बालागुरू के. करेंगे ध्वजारोहण

**सीहोर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संशोधित सूची अनुसार कलेक्टर बालागुरू के. 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीहोर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो बैचों में संचालित किया गया, जिसमें एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स विषय पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं रोजगार उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में ट्रेनर जितेंद्र शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स का गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दक्षताओं से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के बेहतर अवसरों हेतु तैयार करना था। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और पोस्टर प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### जिले के अनेक ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को किया जागरुक

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जा रही है। इसी क्रम में यह कृषि रथ यात्रा 24 जनवरी को सीहोर जनपद के ग्राम निवारिया, घाटपलासी एवं सोनथी, आष्टा जनपद के ग्राम डाबरी, लोरास खुर्द, बुधनी जनपद के ग्राम देवगांव और भैरूंदा जनपद के ग्राम सेमलपानी कदीम पहुँची। ग्राम पंचायत डाबरी, देवगांव, लोरास और सेमलपानी में किसान सभा आयोजित की गई। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को स्प्रिंकलर एवं पाइप लाइन के लाभ, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

### श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए दरबार में करवाए हवन व अनुष्ठान

# मां बगलामुखी के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, माता रानी के चरणों में माथा टेका







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी में रविवार को मां के आंगन में आस्था उमड़ती दिखाई दी। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को काफी इंतजार भी करना पड़ा, उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी, इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे। हवन कुंड पर भी भक्तों को हवन अनुष्ठान करने के लिए इंतजार करना पड़ा। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन - अनुष्ठान किया।

रविवार को नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातःकाल से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारम्भ हो गई थी। जैसे जैसे समय बीतने लगा वैसे वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। दोपहर के समय ये कतारें सूर्यमुखी हनुमान मंदिर तक पहुंच गई थी। यहां पहुंचने वाले भक्त माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट कर रहे हैं। मंदिर समिति तथा प्रशासन द्वारा रविवार को गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है। भक्तगण सभा मंडप से ही माता रानी के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शांति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाली माता के इस दरबार में कई राजनेता एवं प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच रहे हैं। जिनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया जा रहा है। मंदिर पर प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। माता के इस मनोहारी रूप के दर्शन कर भक्त अपने को धन्य मान रहे हैं।

#### भंडारे का लिया लाभ

मां बगलामुखी के आंगन में गुप्त नवरात्रि के दौरान माता के एक अन्य भक्त द्वारा भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारा संचालित किया जा रहा है। रविवार को हजारों की संख्या में पहुंचे माता भक्तों द्वारा इस भंडारे का लाभ लिया गया। रविवार को पहुंचे भक्तों के वाहनों के लिए बनाई गई पार्किंग स्थल पूरी तरह भर गई थी गाड़ी रखने की जगह न होने से भक्तों को बगलामुखी पहुंच मार्ग की सड़क के आसपास गाड़ियों को खड़ा करना पड़ा।

## स्वामी विवेकानंद कॉलेज में वार्षिकोत्सव उमंग 2025-26 का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वामी विवेकानन्द कॉलेज के वार्षिकोत्सव उमंग 2025-26 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम का आंरभ संचालक के द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित करके किया गया। इसके उपरान्त इस वर्ष का बेस्ट स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर का पुरूस्कार रानी राठौर को दिया गया। सर्वप्रथम वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत जो प्रतियोगिताएँ सम्पन्न कराई गई एवं वर्षभर की आकादमिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद की प्रतियोगिताओं का पुरुस्कार वितरण संचालक हरीश राठौर द्वारा किया गया। इसके बाद छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों दी। इसी कड़ी में व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता सम्पन्न की गई। इस हेतु निर्णनायक रूप में प्रदीप नागिया एवं नेहा राठौर, एनी जैन, जागृति लोधी व्यतित्व विकास प्रतियोगिता समस्त परिवेशो में आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के अंत में अपना निर्णय दिया। जिसमें मिस्टर एस.वी. का एवं नेहा राठौर उपस्थित रहे। छात्र/छात्राओं ने सभी निर्णायक समिति ने खिताब रिषभ सोनी और मिस एस.वी. का खिताब योगिता लोधी को दिया गया। सभी छात्र/छात्रओं को संचालक हरीश राठौर एवं प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा बधाई दी गई। कार्यक्रम सफल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. नितिका माहेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।




## बसंत पंचमी पर संस्कार केंद्र में सरस्वती पूजन बच्चों को दिए संस्कार व अनुशासन के संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर स्थित संस्कार केंद्र में माँ सरस्वती की आराधना एवं पूजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विधिवत पूजन कर ज्ञान, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बसंत पंचमी को ज्ञान, विद्या, कला और संस्कारों का पर्व बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से बच्चों में सीखने की जिज्ञासा, एकाग्रता और सद्बुद्धि का विकास होता है।

कार्यक्रम में खंड संघ चालक ब्रजमोहन जी गौड ने बच्चों को माँ सरस्वती के महत्व को सरल व प्रेरणादायी शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि ज्ञान को जीवन में उतारने का संकल्प है। पूजा श्रद्धा, शुद्धता और अनुशासन के साथ करने पर ही उसका वास्तविक फल प्राप्त होता है। वहीं सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे संस्कार ही बच्चे को सच्चा मानव बनाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ बड़ों का सम्मान, सत्य भाषण, समय का पालन और समाज के प्रति कर्तव्य भावना आवश्यक है।

नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और ध्यान-योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन निरंतर अध्ययन और ध्यान-योग से स्मरण शक्ति बढ़ती है और जीवन में सफलता के मार्ग प्रशस्त होते हैं। कार्यक्रम के अंत में माँ सरस्वती से सभी बच्चों के लिए विद्या, विवेक और सद्मार्ग प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बसंत पंचमी का यह आयोजन बच्चों के जीवन में शिक्षा, संस्कार और साधना के बीज बोने वाला सिद्ध हुआ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**नलखेड़ा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नलखेड़ा मंडल के सभी मतदान केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 130 वें संस्करण को सुना। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा सहित अन्य पार्टी नेताओं द्वारा भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ देखा व सुना गया। इसी के साथ नगर के अन्य बूथ तथा ग्रामीण अंचल के बूथ पर भी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को टेलीविजन पर देखा तथा सुना गया। बूथ क्रमांक 189 वार्ड क्रमांक 15 पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका जैन मंडल महामंत्री सीमा बैरागी कोषाध्यक्ष पूजा चेलावत सहित अन्य सदस्यों ने देखा।



## पाले की चेतावनी, फसलों को पाले से बचाने सलाहः हल्की सिंचाई करने पर जोर, मावठे की बारिश की संभावना

**सीहोर।** जिले में न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच मावठे की बारिश की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के बाद, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने किसानों व आम जनता के लिए सलाह जारी की है। वर्तमान मौसम परिवर्तन को देखते हुए किसानों को शीतलहर और तुषार (पाला) से फसलों को बचाने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से सब्जी, चना, सरसों और टमाटर जैसी अति संवेदनशील फसलों के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। शनिवार जिले का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कल यह 10 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मावठे की बारिश होने की आशंका जताई है।

**धुआं, हल्की सिंचाई करने की सलाह :** किसानों को सलाह दी गई है कि शाम के समय खेत के उत्तर-पश्चिम दिशा में धुआं करें। सिंचाई की आवश्यकता होने पर खेतों में हल्की सिंचाई करें। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि पाला पड़ने की संभावना पर फसलों में हल्की सिंचाई के साथ-साथ सल्फर 80 प्रतिशत की 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। खेतों में खरपतवार होने पर निराई-गुड़ाई करवाएं, जिससे फसलों को पर्याप्त वायु और प्रकाश मिल सके और वे प्रतिकूल मौसम से सुरक्षित रहें। मौसम में उतार-चढ़ाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जिले में निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई है। मलेरिया, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है, मच्छर जनित बीमारियों में सबसे प्रचलित है। ठंड लगकर बुखार आना इसका प्रमुख लक्षण है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मलेरिया की जांच और दवाएं सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क उपलब्ध हैं।

### मातृशक्ति और संत प्रबुद्धजनों व वक्ताओं ने संबोधित किया

# केशव बस्ती में हिंदू महासम्मेलन आयोजित किया, नगर में निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





सर्व हिन्दू समाज के आह्वान पर रविवार को हिंदू सम्मेलन नगर की केशव बस्ती नवीन बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया गया। अतिथियों ने भारत माता एवं भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर हिंदू सम्मेलन की शुरुआत की। इसके पूर्व नगर के बजरंग मोहल्ला से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति, युवतियां और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल थे। कलश यात्रा नगर के राजवाड़ा से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हिंदू महा सम्मेलन प्रांगण नवीन बस स्टैंड पर कलश यात्रा का समापन हुआ। कलश यात्रा का नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मातृशक्ति और संत प्रबुद्धजनों व वक्ताओं ने हिंदू महासम्मेलन को संबोधित किया। हिंदू महा सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति युवतियां महिला एवं छोटे बच्चे भी शामिल हुए। हिंदू महासम्मेलन के मंचासीन संत व प्रबुद्ध जन ने हिंदू महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र, समरसता का प्रतीक है। उन्होंने हिंदुओं को एकजुट करने का संदेश दिया। संत व प्रबुद्ध जनों द्वारा भारत माता की आरती की गई आरती के बाद सभी को सहभोज कराया।




**खबर संक्षेप**

## 26 जनवरी को होगा भारत माता पूजन



**चापडा।** भारतीय किसान संघ की बैठक रविवार को मंडी कार्यालय बागली में भगवान बलराम जी के चित्र पर पुष्पहार अर्पण कर शुरू हुई। प्रांत सहसंगठन मंत्री दिनेश शर्मा का जिले की तहसीलो में यह पहला प्रवास है। बैठक में उन्होंने कहा की कार्यकर्ताओ को बैठक की सूचना देने का काम अलग अलग कार्यकर्ताओं को देना चाहिए। प्रांत कार्यालय के निर्माण में कार्यकर्ताओ को अपना समर्पण पहले करना है। 26 जनवरी को हमे प्रत्येक गांव में भारत माता पूजन करना है। प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या ने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने दो गांव में प्रत्येक माह बैठक ले। अधिकारियों से बात करते समय अपनी बातों को उचित तरीके से रखें। भारतीय किसान संघ चार उत्सव मनाता है उसमें से एक भारत माता पूजन भी है। 26 जनवरी से लेकर एक सप्ताह तक तक हर ग्राम समिति स्तर पर कार्यकर्ता भारत माता की पूजन करेंगे और किसान संघ की उपलब्धि के बारे में गांव में चर्चा में चर्चा करेंगे। इस अवसर पर प्रान्त प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष केदार मल पाटीदार, चम्पा लाल मुकाती, राकेश जाट, तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार मंत्री सतीश प्रजापति, डालुराम भाटी, बने सिंह पटेल, चंपालाल यादव, राहुल सोलंकी सहित ग्राम समिति अध्यक्ष, मंत्री भी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**देवास।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर एसपी पुनीत गहलोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरनारायण बाथम के निर्देशानुसार सांईनाथ मेमोरियल हायर सेकण्डरी स्कूल देवास में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी पवन कुमार बागडी, सूबेदार गोविंद सिंह गौड़ एवं यातायात टीम ने छात्र-छात्राओं को नियमों की जानकारी दी।

### जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह करेंगे झंडावंदन

# मुख्य समारोह आज पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे से होगा आयोजित

### गणतंत्र दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री देवड़ा ने जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास







जिले में 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड देवास में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह झंडावंदन कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा।

#### कार्यक्रम की रूपरेखा

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रातः 08.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 09.00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा झण्डा वंदन, सलामी एवं राष्ट्रगान, 09.08 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 9.15 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश वाचन, 9.35 बजे परेड (मार्च पास्ट), 09.50 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.15 बजे झांकियों का प्रदर्शन, 10.40 बजे पुरस्कार वितरण तथा इसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

#### प्रभारी मंत्री देवड़ा ने दी शुभकामनाएं

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने देवास जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पावन दिवस पर हम सब मिलकर देश में एकता, शांति, समरसता और सामाजिक सौहार्द के लिए एकजुट रहने का संकल्प लें। हम प्रण लें कि देश की सांस्कृतिक, भौगोलिक और सामाजिक परिवेश के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। हमारे युवा अपने अनोखे और उत्कृष्ट नवाचारों से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की संकल्पना को पूरा करने का संकल्प लें।

#### कलेक्टर और एसपी ने दी जिलेवासियों को शुभकामनाएं

कलेक्टर ऋतुराज सिंह व पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र की आत्मा का उत्सव है। यह दिन हमारे लोकतंत्र की मजबूती, संप्रभुता और एकता की याद दिलाता है। आज उन सभी महान संविधान निर्माताओं के अथक परिश्रम को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने हमारे देश को एक मजबूत लोकतंत्र बनाया। आईये हम सब मिलकर गणतंत्र दिवस की भावना को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं एवं देश को और अधिक समृद्ध, समावेशी तथा विकसित बनाने का संकल्प लें।

#### भारत पर्व का होगा आयोजन

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर सायं 06 बजे से मल्हार स्मृति मंदिर सभाकक्ष देवास में भारत पर्व कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, लोकनृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। ''भारत पर्व'' कार्यक्रम के दौरान मल्हार स्मृति मंदिर देवास में जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। भारत पर्व आयोजन में अधिक से अधिक नागरिक शामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मनाए।

## फ्लाइओवर व रोजड़ा नियंत्रण को लेकर युवा किसान संगठन ने दिया धरना

### एनएच-52 पर मौत का खेल जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

किसानों की फसलों को रोज़ड़ा (आवारा पशु) द्वारा बर्बाद किए जाने और जेल चौराहा, देवास पर लगातार हो रही जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं के विरोध में आज युवा किसान संगठन के नेतृत्व में जोरदार व आक्रामक धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और संवेदनहीनता के आरोप लगाए।

धरने को संबोधित करते हुए युवा किसान संगठन के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने कहा कि एनएच-52 इस क्षेत्र की जीवन रेखा है, जिस पर भारी ट्रैफिक चौबीसों घंटे चलता है। जिले का लगभग 150 किलोमीटर क्षेत्र इसी मार्ग से होकर गुजरता है, इसके बावजूद प्रशासन ने जेल चौराहा को मौत का जाल बना कर छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि इस चौराहे पर अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपाहिज हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन आज भी फ्लाइओवर निर्माण को लेकर आँख मूँदे बैठा है। यह लापरवाही नहीं, बल्कि आम जनता की जान से खुला खिलवाड़ है। चौधरी ने प्रशासन को घेरते हुए कहा कि नेशनल हाईवे की गाइडलाइन स्पष्ट रूप से बताती है कि शहरी क्षेत्र के बाहर फ्लाइओवर, सर्विस रोड और स्ट्रीट लाइट अनिवार्य होती है, लेकिन जेल चौराहा पर इन तीनों नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, जिसकी कीमत जनता अपनी जान देकर चुका रही है। किसानों की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसान अपने खून-पसीने से खेतों को सींचकर फसल तैयार करता है, लेकिन सरकार और प्रशासन की घोर अनदेखी के कारण रोज़ड़ा और आवारा पशु किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। न फसल बची है, न मुआवज़ा, और न ही कोई जिम्मेदार जवाब देने को तैयार है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि प्रशासन की इन लापरवाहियों के कारण जेल चौराहा आज "मौत का चौराहा" बन चुका है। यदि एक माह के भीतर फ्लाइओवर निर्माण और रोज़ड़ा नियंत्रण को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा किसान संगठन द्वारा जेल चौराहा पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। धरने के दौरान ज्ञापन का वाचन युवा किसान संगठन के उपाध्यक्ष राजेश पटेल द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष जगदीश पटेल ने किया। इस उग्र धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए, जिनमें पालनाघर से विक्रम पार्षद, रवि चौधरी, खेड़ा से राहुल चौधरी, अजनोद-नावदा से मुकेश सरपंच, केलोद से कुंदन चौधरी, लोहार पिपलिया से कैलाश पटेल, भेरूलाल सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संगोष्ठी कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई चापडा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद एवं सुभाषचंद्र बोस जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य बहादुर सिंह भदौरिया और प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राजवीर सिह सेंधव रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं सुभाषचंद्र बॉस के बलिदान को बच्चों को याद करवाया और कहा कि भारत का युवा स्वामी जी जैसा एवं बोस जैसा होना चाहिए ताकि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाया जा सके। इसके बाद नगर मंत्री अरविंद राठौर ने अतिथियों एवं सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिषद के अन्य कार्यकर्ता विक्की मारु, आनंद राठौर भी उपस्थित रहे।

### बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह संपन्न

**देवास।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण नगर सभा द्वारा अ. भा. ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर सामूहिक विवाह एवं बटुक सम्मेलन के अंतर्गत गौतम आश्रम में ब्राह्मण जोड़े का विवाह एवं बटुकों का उपनयन संस्कार सनातन वैदिक पद्धति से किया गया। इस अवसर पर बटुकों एवं वैवाहिक जोड़े का प्रोसेशन बैंड बाजे के साथ नगर में निकाला गया जिसमें ब्राह्मण समाज के सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता एवं रिश्तेदार शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार , महापौर गीता अग्रवाल, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा,प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा ,शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, ब्लाक अध्यक्ष प्रतीक शास्त्री , मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा समाज सेवी मनोरमा सोलंकी उपस्थित थे। अतिथियों ने विवाह सूत्र में बंधे जोड़े एवं बटुकों का सम्मान किया। अतिथियों का सम्मान सम्मेलन के संवरक्ष एम एम मोदी, संयोजक नवीन दुबे, अ. भा. ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## सेंट जॉन स्कूल में हुआ पत्रकार सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में शनिवार को क्षेत्रीय पत्रकारों के सम्मान में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सशक्त प्रहरी कहे जाने वाले पत्रकारों के सम्मान हेतु यह कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के म्यूजिक क्लब द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के बैंड ग्रुप ने अतिथि पत्रकारों का स्वागत किया। विद्यालय के स्टाफ सचिव मोहित गुप्ता ने तिलक लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर सोनी एंथनी, शिक्षक यश पंचोली एवं स्टाफ सचिव मोहित गुप्ता द्वारा अतिथि पत्रकारों को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के डांस क्लब द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पत्रकारों में मुकेश पाटीदार, रवि पाटीदार, आर्यभूषण शर्मा, गोलू राठौड़, गौरव दुग्गड, नरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र योगी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर अर्पिता ने सभी पत्रकार बंधुओं का कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त किया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक फादर सोनी एंथनी ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों द्वारा समाज के विभिन्न मुद्दों को उजागर कर सत्य को सामने लाने के साहसिक कार्यों की सराहना करते हुए समाज में पत्रकारों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका रबेका एककल ने किया तथा आभार प्रदर्शन स्वाति राजपूत द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता और सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना रहा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने उपस्थित बालिकाओं को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि वे किशोरावस्था में शारीरिक परिवर्तनों को समझें और बेहतर पोषण पर ध्यान दें। उन्होंने एनीमिया (खून की कमी) को दूर करने हेतु विभाग द्वारा दी जा रही आयरन की गोलियों का नियमित सेवन करने की सलाह दी, ताकि वे स्वस्थ और ऊर्जावान बनी रहें। उपस्थित जनों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही सभी ने सामूहिक हस्ताक्षर कर इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया। परियोजना अधिकारी समीक्षा जैन एवं मोहनलाल अहिरवार ने विभागीय योजनाओं और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया तथा पात्र बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्राचार्य राजू सारस्वत ने बालिकाओं से अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारियों को आत्मसात कर अपने दैनिक जीवन में उतारने की अपील की।

वन स्टॉप सेंटर प्रशासक गीता ठाकुर ने आपातकालीन चिकित्सा, विधिक सहायता और 181 हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन वंदना खरे द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ एकता जायसवाल द्वारा माना गया। इस अवसर पर विभागीय अमला, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह हुआ आयोजित, कलेक्टर ने दिलाई शपथ

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को कलेक्टर ने किया सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ''माय इण्डिया, माय वोट₹ थीम पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह मुख्य के आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम अभिषेक शर्मा, डॉ. एस.पी.एस राणा, डॉ समीरा नईम, संजय गाडगे, संजय बारोनिया सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि आज का दिन उन सभी निर्वाचन कर्मियों को सम्मानित करने का है, जिन्होंने तमाम चुनौतियों और परेशानियों के बावजूद 'निर्वाचन आयोग' के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि विशेष रूप से एसआईआर जैसे कठिन कार्य में आपका प्रशंसनीय कार्य लोकतंत्र के प्रति आपकी निष्ठा को दर्शाता है।

जिले में एसआईआर का कार्य सभी ने मिलकर बहुत अच्छे से किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाता की भूमिका सर्वोपरि है। ₹आज का हमारा एक निर्णय, अगली पीढ़ी के भविष्य की नींव रखता है। आज हम उन युवाओं का विशेष अभिनंदन करते हैं जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें।

जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्य निर्वाचन आयुक्त का वर्चुअल संवाद सुना गया। कलेक्टर सिंह ने सभी को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रभोलन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिला स्तरीय ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस" कार्यक्रम में कलेक्टर सिंह ने निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचरियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिए। सिंह ने दिव्यांग, बुर्जुग और नए युवा मतदाताओं को भी सम्मानित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर और बीएलओ ने एसआईआर कार्य का अनुभव भी सांझा किया।

## आनंद उत्सव 2026 का आयोजन हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

राज्य आनंद संस्थान, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित आनंद उत्सव 2026 के अंतर्गत श्री हरि गार्डन, में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस उत्सव में खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं बचपन की यादों को ताज़ा करने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, माताओं, बहनों एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और परिवार सहित उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर आनंद विभाग से कृपाली राणा एवं साफिया कुरैशी साथ ही लक्ष्मी राव, नेहा छाबड़िया, सोनल शर्मा, शुभांगी राठौर, मुस्कान राठौर एवं रेशु गुप्ता, प्रिंस राठौर, विजय परसाई, ओसाफ कुरैशी, अनिता राठौर, हर्षा तिवारी, ललिता राठौर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस आयोजन का संपूर्ण संचालन एवं संयोजन हिना राठौर द्वारा किया गया। उनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, सफल एवं आनंदमय रहा।अंत में उपस्थित नागरिकों ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक सौहार्द, सकारात्मक ऊर्जा एवं पारिवारिक एकता को बढ़ावा देने वाला बताया।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर बालागुरू के. करेंगे ध्वजारोहण

**सीहोर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संशोधित सूची अनुसार कलेक्टर बालागुरू के. 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीहोर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो बैचों में संचालित किया गया, जिसमें एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स विषय पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं रोजगार उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में ट्रेनर जितेंद्र शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को एमएस ऑफिस एवं गूगल टूल्स का गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दक्षताओं से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के बेहतर अवसरों हेतु तैयार करना था। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और पोस्टर प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### जिले के अनेक ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को किया जागरुक

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जा रही है। इसी क्रम में यह कृषि रथ यात्रा 24 जनवरी को सीहोर जनपद के ग्राम निवारिया, घाटपलासी एवं सोनथी, आष्टा जनपद के ग्राम डाबरी, लोरास खुर्द, बुधनी जनपद के ग्राम देवगांव और भैरूंदा जनपद के ग्राम सेमलपानी कदीम पहुँची।

## प्रभारी मंत्री ने जनपदीय अधिकारियों के साथ की विकास की समीक्षा

# सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद की 68 योजनाओं को मिला ए ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये।

वहीं उन्होंने बैठक में एआरटीओ, युवा कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत पवन गुप्ता, पीडी सीएनडीएस सहित अन्य अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका और एआरटीओ के स्थापन पर पीटीओ लिली चौधरी द्वारा हस्ताक्षर करने पर उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बैठक को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों को चिन्हित किया जाएगा और मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। बैठक के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री ने जनपद के दूरस्त थाना मदनपुर के नवीन भवन का वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर उद्घाटन किया और वहां की स्थानीय जनता को सम्बोधित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आगामी माह में मुख्यमंत्री का भ्रमण जनपद में सम्भावित है, जिसके दृष्टिगत सभी विभाग अपनी अपनी योजनाओं और विकास कार्यों को पूर्ण कर लें और सभी विभाग अनिवार्य रुप से विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास की सूचना दो दिन के भीतर मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

### रैंकिंग में टॉप टेन में अपना स्थान बनाये हुए है

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद के 68 योजनाओं को ए ग्रेड मिला है, जिससे प्रदेश की रैंकिंग में टॉप टेन में अपना स्थान बनाये हुए है, जिस पर प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन की सराहना की। वहीं पर्यटन, ओडीओपी, छात्रवृत्ति, युवा स्वरोजगार, श्रम सम्मान आदि की प्रगति संतोषजनक नहीं है, जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गए कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में जल्द से जल्द सुधार किया जाए अन्यथा सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति नहीं हो रही है, साथ ही किसानों का कनेक्शन काटने के बाद लाइन मैन द्वारा जोड़ने के लिए कई चक्कर लगवाये जाते हैं, यह स्थिति आपत्तिजनक है, जिस पर प्रभारी मंत्री अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अधीनस्थों के कार्यों की कड़ी निगरानी करें, साथ ही ऐसे लापरवाह लाइनमैनों को निलंबित करें।

### फसल बीमा योजना के तहत 60 करोड़ का भुगतान किया

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि जनपद के 16 सौ से अधिक मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का कार्य नये वर्ष पर शुरु किया गया है, साथ ही फसल बीमा योजना के तहत 60 करोड़ का भुगतान किया गया है, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 501 लाभार्थियों व प्रधानमंत्री आवास योजना के 2256 लाभार्थियों को एक साथ पहली किश्त भेजी गई है। पंचायती राज विभाग के तहत 501 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाये जाने हेतु कार्यवाही प्रचलित है, शहर की सड़कों का चौढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री ने पुनः जिलाधिकारी के कार्यों की प्रसंशा की।

### 2 फरवरी को वल्चर सेन्युरी का उद्घाटन किया जाएगा

डीएफओ ने बताया कि 2 फरवरी को जनपद में वल्चर सेन्युरी का उद्घाटन किया जाएगा, यह प्रदेश की पहली वल्चर सेन्चुरी होगी और भारत की दूसरी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कुछ प्रमुख जनशिकायतों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में कम विद्युत आपूर्ति विजिलेंस टीम के द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली, नहरों का पानी टेल तक न पहुंचने जैसी शिकायतें शामिल रहीं, जिस पर प्रभारी मंत्री ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि वे स्वयं दफ्तरों से बाहर निकलें और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर समस्याओं का निस्तारण करायें। किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति व नहरों में पानी पहुंचाएं ताकि वे सिंचाई कर सकें। इसके साथ ही विजिलेंस के नाम पर किसी भी किसान का शोषण न हो।

## चेक बाउंस मामले में फैसला

# दोषी को एक साल की सजा और 20 लाख का अर्थदंड




**ललितपुर।** सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त मोहित चौरसिया को धारा-138 एन.आई. एक्ट के तहत एक वर्ष के साधारण कारावास और 20 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

परिवादिनी कु.निकिता चौरसिया निवासी नदीपुरा ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था कि अभियुक्त मोहित चौरसिया ने उन्हें प्लॉट दिलाने के नाम पर कुल 16 लाख रुपये (10 लाख नकद और 6 लाख बैंक ट्रांसफर के माध्यम से) लिए थे। प्लॉट की रजिस्ट्री न होने और धनराशि वापस मांगने पर अभियुक्त ने 8-8 लाख रुपये के दो चेक (पंजाब नेशनल बैंक) जारी किए थे। जब परिवादिनी ने इन चेकों को बैंक में लगाया, तो वे डिसओनर (बाउंस) हो गए। न्यायाधीश देवप्रिय सारस्वत ने मामले की गंभीरता और साक्ष्यों को देखते हुए अभियुक्त मोहित चौरसिया को दोषी पाया। अदालत ने अपने आदेश में निम्नलिखित दंड निर्धारित किए। सजा, एक वर्ष का साधारण कारावास। जुर्माना 20 लाख रुपये (बीस लाख रुपये) का अर्थदण्ड। प्रतिकर (मुआवजा), अर्थदण्ड की राशि में से 19 लाख रुपये परिवादिनी को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे। अतिरिक्त प्रावधान, जुर्माना न भरने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में अदा की गई 3,20,000 रुपये की राशि को इस अर्थदण्ड में समायोजित किया जाएगा। साथ ही, यदि अभियुक्त ने इस मामले के दौरान पहले जेल में कोई समय बिताया है, तो उसे मुख्य सजा की अवधि में घटाया जाएगा।

### अधिवक्ता ने कहा

मामले पर टिप्पणी करते हुए अधिवक्ता अनुराग सिंह लोधी ने कहा कि न्याय में देरी हो सकती है, पर न्याय मिलता जरूर है। 2018 से चली आ रही इस कानूनी लड़ाई का अंत अभियुक्त की दोषसिद्धि के साथ हुआ है। 20 लाख रुपये का अर्थदण्ड उन लोगों के लिए सबक है जो दूसरों की मेहनत की गाढ़ी कमाई हड़पने की कोशिश करते हैं। हम इस फैसले से पूर्णतः संतुष्ट हैं।

## शव सुपुर्दगी पर प्रशासन-परिजनों में तल्खी

# जेल में सजा काट रहे बुजुर्ग बंदी की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला जेल में सात साल की कठोर कारावास की सजा काट रहे 63 वर्षीय बंदी मुन्ना सोनी उर्फ रामेश्वर की कानपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हालांकि, मौत के बाद शव को परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

परिजनों का तर्क है कि जेल प्रशासन की जिम्मेदारी शव को ससम्मान उनके गृह जनपद (ललितपुर) लाकर सौंपने की है, जबकि प्रशासन उन्हें कानपुर से ही शव ले जाने को कह रहा है। कोतवाली सदर के तालाबपुरा निवासी मुन्ना सोनी की तबीयत 23 जनवरी को अचानक बिगड़ गई थी। जेल प्रशासन के अनुसार, सबसे पहले उन्हें जिला चिकित्सालय, ललितपुर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज और फिर कानपुर के हृदय रोग संस्थान (एल.पी.एस.) रेफर किया गया। 24 जनवरी की रात करीब 11 बजे कानपुर पहुँचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र पवन सोनी इलाज के दौरान साथ थे, लेकिन परिवार का कहना है कि एक सजायाफ्ता बंदी की मृत्यु की स्थिति में जेल मैनुअल के अनुसार शव को वापस लाने की व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए। उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उनके पुत्र पवन सोनी फिलहाल कानपुर में ही मौजूद हैं और शव को ललितपुर लाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान कहते हैं कि उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जेल में बंदी की मृत्यु होने पर शव को परिजनों तक पहुंचाने और उसके अंतिम संस्कार से जुड़े स्पष्ट नियम हैं।

# बाइक सवार युवक को रास्ते में रोककर मारपीट की

**ललितपुर।** नेहरू नगर में रहने वाले सुनील बाल्मीकि पुत्र घासीराम ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। पत्र में सुनील ने पुलिस को अवगत कराया कि 24 जनवरी की दोपहर करीब 12 बजे उसका पुत्र देव बाल्मीकि मोटर साइकिल से स्टेशन होते हुये तुवन चौराहा से बस स्टेण्ड जा रहा था। तभी रास्ते में जीआईसी के पास सिद्धंन रोड स्थित आईटीआई कॉलोनी में रहने वाले शिवा कुशवाहा, शिवम कुशवाहा पुत्रगण बल्लू कुशवाहा, छुट्टन करौसिया पुत्र प्रमोद कुमार मिले। उक्त लोगों ने देव की मोटर साइकिल रोकी और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मोटर साइकिल को गिरा दिया और लात-घूसों से मारपीट कर दी। हाथ में लिये लोहे की रॉड से हमला करने पर उसके होंठ व नाक में चोटें आयीं। आरोप है कि देव बाल्मीकि अगले दिन फिर सदनशाह की ओर काम से गया था तो शाम करीब 6 बजे उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब पीकर उपद्रव करने से मना करने पर मारपीट

कोतवाली महरौनी ग्राम कुम्हैड़ी निवासी कैलाश पुत्र लक्ष्मन ने पुलिस को बताया कि उसे तीन- चार वर्ष पहले लकवा हो गया था, जिसकी दवाईयां आज भी चलती हैं। बताया कि ग्राम खिरिया भारन्जू निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र किशोर सिंह, कुम्हैड़ी निवासी सोनू राव व बोरे पुत्रगण संतोष व धर्मदास सभी लोग आये दिन उसकी चक्की के पास आये और पुलिया पर बैठकर शराब पीते हैं और शराब के नशे में शोर-शराबा करते हुये बात-विवाद करते हैं। 23 जनवरी को शाम 7.30 बजे जब उक्त लोगों को शराब पीने व शोर-शराबा करने से रोका तो उक्त लोगों ने दबंगई करते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। इसी बात से क्षुब्ध होकर रात करीब 11 बजे उक्त लोगों ने उसके घर में आकर गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## श्रम व रोजगार मंत्रालय की योजनाएं

# योजनाओं का लाभ उठाने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**ललितपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं के सम्बन्ध में उप श्रमायुक्त राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के पत्र 14 जनवरी 2026 द्वारा अंसगठित क्षेत्र के कर्मकारों को योजनाओं में अधिक से अधिक पंजीयन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इनमें प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना के तहत असंगठिक क्षेत्र के सभी कर्मकार जैसे दैनिक राजमिस्त्री, मजदूर (रेजा) दुकानों/कारखानों में लगे कर्मचारी (जो ई.पी.एफ. व ई.एस.आई.सी. के सदस्य न हो) रेहढ़ी, पटरी, ढाला, फेरी लगाने वाले, ई-रिक्शा, ऑटो, कार ड्राईवर, छोटे किसान, सब्जी बेचने वाले, लकड़ी का काम करने वाले, हथौड़ा चलाने वाले, शटरिंग वाले, बैण्ड वाले, लाइट फिटिंग करने वाले (इलेक्ट्रीशियन), डी.जे. वाले, रोड लाइट वाले सभी प्रकार के कर्मकार जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य है, आवेदन कर सकते है। योजना में योगदान की राशि प्रवेश के समय आयु पर निर्भर है श्रमिक को 18 से 40 वर्ष की आयु तक 55 रूपये प्रतिमाह से अधिकतम 200 रूपये प्रतिमाह का योगदान करना होगा। सभी कर्मकार प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना लाभ उठाने के लिये तत्काल अपने आवेदन बोर्ड की बेवसाइट एवं जन सुविधा केन्द्र पर जाकर या कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त ललितपुर में आंनलाइन करा सकते है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन पा सकते है। इसके अलावा राष्ट्रीय पेंशन योजना-ट्रेडर्स में सभी प्रकार के लघु व्यापारी/दुकानदार जिनका वार्षिक टर्नओवर 1.5 करोड़ (डेड़ करोड़) तक या इससे कम वाले सभी व्यापारी, दुकानदार, जिनका आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष की अवधि तक आवेदन कर सकते है। योजना में योगदान की राशि प्रवेश के समय आयु पर निर्भर है श्रमिक को 18 से 40 वर्ष की आयु तक 55 रूपये प्रतिमाह से अधिकतम 200 रूपये प्रतिमाह का योगदान करना होगा। सभी कर्मकार प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना लाभ उठाने के लिये तत्काल अपने आवेदन बोर्ड की बेवसाइट उंदकींदण्पद एवं जन सुविधा केन्द्र पर जाकर या कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त ललितपुर में आंनलाइन करा सकते है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन पा सकते है।

# बसंत पंचमी पर संस्कार केंद्र में बच्चों को दिए संस्कार व संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर स्थित संस्कार केंद्र में माँ सरस्वती की आराधना एवं पूजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विधिवत पूजन कर ज्ञान, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बसंत पंचमी को ज्ञान, विद्या, कला और संस्कारों का पर्व बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से बच्चों में सीखने की जिज्ञासा, एकाग्रता और सद्बुद्धि का विकास होता है। कार्यक्रम में खंड संघ चालक ब्रजमोहन जी गौड ने बच्चों को माँ सरस्वती के महत्व को सरल व प्रेरणादायी शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि ज्ञान को जीवन में उतारने का संकल्प है। पूजा श्रद्धा, शुद्धता और अनुशासन के साथ करने पर ही उसका वास्तविक फल प्राप्त होता है। वहीं सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे संस्कार ही बच्चे को सच्चा मानव बनाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ बड़ों का सम्मान, सत्य भाषण, समय का पालन और समाज के प्रति कर्तव्य भावना आवश्यक है। नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और ध्यान-योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन निरंतर अध्ययन और ध्यान-योग से स्मरण शक्ति बढ़ती है और जीवन में सफलता के मार्ग प्रशस्त होते हैं। कार्यक्रम के अंत में माँ सरस्वती से सभी बच्चों के लिए विद्या, विवेक और सद्मार्ग प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बसंत पंचमी का यह आयोजन बच्चों के जीवन में

### स्वामी विवेकानंद कॉलेज में वार्षिकोत्सव का समापन

**सीहोर।** स्वामी विवेकानन्द कॉलेज के वार्षिकोत्सव उमंग 2025-26 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम का आंरभ संचालक के द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित करके किया गया। इसके उपरान्त इस वर्ष का बेस्ट स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर का पुरूस्कार रानी राठौर को दिया गया। सर्वप्रथम वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत जो प्रतियोगिताएँ सम्पन्न कराई गई एवं वर्षभर की आकादमिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद की प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण संचालक हरीश राठौर द्वारा किया गया। इसके बाद छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों दी। इसी कड़ी में व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता सम्पन्न की गई।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कल्याण सिंह सभागार रामनगर में हुआ आयोजन, बताए अधिकार

# बेटियों की सुरक्षा शिक्षा देने तक नहीं है, अधिकार की रक्षा भी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कल्याण सिंह सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ ने बताया कि समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालने के लिये हर साल 24 जनवरी के दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। बेटियों की सुरक्षा केवल उन्हें शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके जन्म के अधिकार की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम लागू किया गया है।

पी.सी. पी.एन.डी.टी. का पूरा नाम प्री कन्सेप्सन एण्ड पी नेटल डायग्नोस्टिक टेक्नीक एक्ट है, जिसे हिंदी में गर्भधारण-पूर्व एवं प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम कहा जाता है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य जन्म से पूर्व लिंग चयन और लिंग परीक्षण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना है। नोडल अधिकारी पी.सी. पी.एन.डी.टी. एवं उप सीएमओ डा.अवधेशचन्द्र यादव ने बताया कि पी.सी. पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस द्वारा डेकॉय (मुखबिर योजना) ऑपरेशन संचालित किए जाते है। सफल डेकॉय ऑपरेशन करवाने पर मुखबिर को 60 हजार रुपये मिथ्या ग्राहक को 1 लाख रुपये तथा मिथ्या ग्राहक सहायक को 40 हजार रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में 03 किश्तों में दावा करने पर अनुमन्य की जाती है। इन ऑपरेशनों के तहत संदिग्ध क्लीनिकों पर कार्रवाई कर अल्ट्रासाउंड मशीनें सील की जाती हैं तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने जनमानस से अपील की कि यदि कहीं भी लिंग जांच या पी.सी. पी.एन.डी.टी. अधिनियम के उल्लंघन की सूचना मिले, तो तुरंत संबंधित विभाग को अवगत कराएं। कन्या भूरण हत्या मानवता के विरुद्ध अपराध है और इसके उन्मूलन में समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं गर्भधारण-पूर्व एवं प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम प्रत्येक बेटी को सशक्त बनाना, एक मजबूत भारत का निर्माण करना है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत गर्भधारण से पहले अथवा गर्भावस्था के दौरान बच्चे का लिंग जानना या बताना गंभीर अपराध है। यदि कोई डॉक्टर, अल्ट्रासाउंड सेंटर या व्यक्ति इस अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो कारावास, जुर्माना तथा क्लीनिक का पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जा सकता है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप कई राज्यों में लिंग अनुपात में सुधार देखा गया है। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्षा सोनाली जैन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन व केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के पूर्व प्रभारी मंत्री ने शहजाद नदी के पुल, नेहरु महाविद्यालय की ओर बड़ी नहर की पुलिया एवं कैलगुवॉ ऑबरब्रिज का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और अभियंताओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, पी डी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छिपाई गांव के दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छिपाई निवासी धुरव सिंह पुत्र निरभान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 23 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने भाई रोहित सिंह के साथ घर के दरबाजे पर बैठे थे। तभी गांव के बलवीर सिंह, विक्रम सिंह पुत्रगण गबीरन सिंह, सोहन सिंह पुत्र शिवराज सिंह, रश्मिी पत्नी बलवीर सिंह एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये धमकाया। आरोप है कि बचाव करने आयी उसकी पत्नी बड़ी राजा व पुत्री सिद्धि राजा के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इधर दूसरे पक्ष की ओर से बलवीर पुत्र गबीरन सिंह ने बताया कि वह घर के बाहर पेशाब कर रहा था, तभी रोहित, धुरवसिंह व दुर्जन सिंह पुत्रगण निरभान सिंह, बड़ी राजा एकराय होकर आये और उसकी पत्नी रश्मि के जेवर को लेकर गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने माता-पिता के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बलवीर सिंह की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल ने चलाया

# साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में आमजन-मानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर इससे बचाव हेतु उपाय बताया।


जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी देकर साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में बताया गया, जिसमें डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐन से ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई एप्लीकेशन या ऐप डाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें।



कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित को जानकारी दें।


नगर परिषद करनावद
की ओर से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
अध्यक्ष
परसराम पाटीदार
उपाध्यक्ष
राजेश गोयल
सौजन्य से : नगर परिषद करनावद, तहसील बागली जिला-देवास (म.प्र.)


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सौजन्य से : शा.कन्या हाई स्कूल (संकुल) बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सौजन्य से : शा. हायर सेकण्डरी स्कूल (संकुल) चापड़ा


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती संगीता सागर चौहान
सौजन्य से : ग्राम पंचायत चारिया, जनपद पंचायत बागली


गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक हार्दिक
शुभकामनाएँ।
राजेशसिंह राजपूत
प्रबंधक
जुगल धनगर
बबलु झाला
गब्बर दरबार
गोविन्दसिंह राणा
बधाईकर्ता :- राजेश राजपूत, जुगल धनगर, बबलु झाला, गब्बर दरबार, गोविन्दसिंह राणा
सौजन्य से - सेवा सहकारी संस्था मर्यादित चापड़ा (बागली)


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकानाएँ
सरपंच
श्रीमती सुनिता मसानिया
सौजन्य से : ग्राम पंचायत भिलआमला जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकानाएँ
सरपंच
श्रीमती नूरीबाई वामनिया
सौजन्य से : ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सौजन्य से : सुनिल पुरोहित मित्र मण्डल, चापड़ा


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
कन्हैयालाल चौहान
सौजन्य से : ग्राम पंचायत कमलापुर जनपद पंचायत बागली


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
विपीन शिवहरे
(समाजसेवी)
आरती शिवहरे
(उपाध्यक्ष न.प.बागली)
आभारकर्ता : विपीन शिवहरे मित्र मण्डल बागली, जिला देवास



समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती निर्मला जवाहर पाटीदार
सौजन्य से : ग्राम पंचायत छतरपुरा जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों
को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती प्रेमबाई जाट
सौजन्य से : ग्राम पंचायत डिगोद जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सौजन्य से : ग्राम पंचायत नयापुरा जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती अनिताबाई
सौजन्य से : ग्राम पंचायत गुराड़िया कलां जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती लक्ष्मीबाई
सौजन्य से : ग्राम पंचायत भमोरी जनपद पंचायत बागली


ST JOHN'S HR SEC. SCHOOL, CHAPDA
wishes you
HAPPY
REPUBLIC DAY


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
जितेन्द्रसिंह दरबार
सौजन्य से : ग्राम पंचायत मोखापीपल्या, जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
तेजसिंह औसारी
सौजन्य से : ग्राम पंचायत धावड़िया जनपद पंचायत बागली